श्री बंशीधर नगर, शुक्रवार
07.03.2025
फाल्गुन शुक्लपक्ष अष्टमी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 190

सूर्योदय-सूर्यास्त
उदय - 06:11 बजे
अस्त - 06:02 बजे

तापमान
अधिकतम : 31 डिग्री से.
न्यूनतम : 13 डिग्री से.



# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

200-300 रु. लेकर छात्रों को दी जा रही साइकिल >> पेज 03 'आरसी 16' में जान्हवी कपूर का फर्स्ट लुक जारी >> पेज 04

## सुविचार

आप जैसे हैं वैसे ही खुद को दुनिया के सामने पेश करें।

## न्यूज अपडेट्स

### झारखंड के तापमान में आज से फिर होगी वृद्धि

**रांची।** देश के उत्तरी-पश्चिमी दिशा में हुई बर्फबारी की वजह से झारखंड के विभिन्न इलाकों में तापमान में हो रही गिरावट शुक्रवार से थम जाएगी। तापमान में शुक्रवार से फिर से बढ़ोतरी होने लगेगी। यह जानकारी मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने गुरुवार को दी। उन्होंने बताया कि बुधवार की तुलना में गुरुवार को तापमान में एक डिग्री की ही वृद्धि होगी। झारखंड के सभी जिलों में तापमान में धीरे धीरे वृद्धि होगी। अभिषेक आनद ने गुरुवार को बताया कि झारखंड में इस वर्ष भी गर्मी औसत से थोड़ी अधिक पड़ेगी।

### स्पीकर से नेता प्रतिपक्ष को मान्यता देने का आग्रह

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो से सदन में नेता प्रतिपक्ष की मान्यता प्रदान करने का आग्रह गुरुवार को किया है। पार्टी ने विधानसभा अध्यक्ष को बाबूलाल मरांडी के भाजपा के विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद इसकी जानकारी दी। इसे लेकर भाजपा के विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने विधानसभा अध्यक्ष से मिलकर भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय और पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक भूपेंद्र यादव और डॉ के लक्ष्मण की ओर से हस्ताक्षर किए गए पत्र को सौंपा।

**विधानसभा** सदन में जन्म प्रमाण पत्र, सहारा इंडिया और दिव्यांगों की पेंशन का उठा मामला

# राइट टू सर्विस का प्रावधान तय : किशोर

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के आठवें दिन कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए, जिनमें जन्म प्रमाण पत्र, दिव्यांग पेंशन, सहारा इंडिया के निवेशकों की समस्या और किसानों से धान खरीद में कटौती जैसे विषय शामिल रहे। विधायक धनंजय सोरेन ने साहेबगंज जिले के बोरियो विधानसभा क्षेत्र में जन्म प्रमाण पत्र बनने में हो रही देरी का मामला उठाया। इस पर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि उन्होंने साहेबगंज के डीसी से बात कर अविलंब लंबित जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने और इसे लंबित रखे जाने का कारण पता करने को कहा है। डीसी ने एक सप्ताह में ऐसे सभी लंबित प्रमाण पत्र को निर्गत किये जाने का भरोसा दिया है। इस पर विधायक धनंजय ने पूछा कि सरकार जन्म प्रमाण पत्र नियत समय पर निर्गत कराने की व्यवस्था करे। इस पर राधाकृष्ण ने कहा कि राइट टू सर्विस का प्रावधान पहले से तय है। निर्धारित समय पर सभी तरह के कार्य होते हैं। इस पर विधायक उमाकांत रजक ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि अगर राइट टू सर्विस का प्रावधान धरातल पर लागू होता तो ऐसी स्थिति ही नहीं आती।

### दिव्यांगों की पेंशन के लंबित होने का मामला उठाया

विधायक शत्रुघ्न महतो ने राज्य में चार माह से दिव्यांगों के लिए पेंशन के लंबित होने का मामला उठाया। साथ ही उन्हें 1000 रुपया की बजाय कम से कम 2500 रुपए दिये जाने की मांग की। इस पर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि वे पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़, ओड़िशा और मध्य प्रदेश में किये गये प्रावधानों को देखेंगे। इस पर नवीन जायसवाल ने हस्तक्षेप करते कहा कि आखिर सभी वर्ग के जरूरतमंद को एक समान ही क्यों नहीं 2500 रुपए क्यों नहीं दे रही। सरकार हां या ना में बताए। इस पर राधाकृष्ण ने कहा कि केंद्र हमें एक लाख 36 हजार करोड़ रुपए दिये जाएं तो हम आगे बढ़ेंगे। इस पर विधायक नवीन जायसवाल, राज सिन्हा, नीरा यादव सहित भाजपा विधायक वेल में आ गये और सदन से निकल गए। हालांकि जदयू विधायक सरयू राय, लोजपा (आर) विधायक जनार्दन पासवान और आजसू पार्टी के निर्मल महतो (तिवारी महतो) अपनी जगह पर बने रहे।



### भाजपा विधायकों की अनुपस्थिति के बावजूद चला सदन

भाजपा विधायकों की अनुपस्थिति के बावजूद सत्र संचालित होता रहा। कई सवाल जवाब हुए। कांके विधायक ने बीएयू, कांके में लंबे समय से कार्यरत श्रमिकों को सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के आधार पर नियमित करने की मांग रखी। मंत्री शिल्पी नेहा ने इस पर कहा कि सृजित पदों के विरूद्ध कार्यरत कर्मियों को ही नियमित किया जा सकता है, अन्य केस में नहीं। इसके बाद शून्यकाल के प्रश्न लिए गये।

### सहारा के निवेशकों के लिए झारखंड सरकार संवेदनशील

सदन में झारखंड के वैसे निवेशकों का भी मसला उठा, जिन्होंने सहारा इंडिया में निवेश किया था पर पैसे अबतक नहीं मिले। कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने इस संबंध में बात उठाते कहा कि सरकार पोर्टल ऐसा बनाए जिस पर निवेशक अपने निवेश की जानकारी और उससे संबंधित स्थिति देख सकें। इस पर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बताया कि वर्ष 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण जजमेंट दिया था। इसके बाद झारखंड सरकार ने वर्ष 2023 से जनवरी 2025 तक कई बार सेंट्रल रजिस्ट्रार ऑफ सोसाइटी को पत्र लिखा है पर कोई रिस्पांस नहीं मिला। अब सरकार कुछ अधिकारियों (एक या दो) को जवाबदेही दी जायेगी कि वे इससे संबंधित विस्तृत सूचना जुटाएं। इसके बाद कृषि विभाग की ओर से विभागीय मंत्री शिल्पी नेहा ने 31 मार्च 2026 को समाप्त होनेवाले वर्ष के भीतर भुगतान के दौरान जो व्यय होगा, उसकी पूर्ति के लिए 24 अरब 21 लाख 08 लाख 16 हजार रुपए से अनाधिक राशि प्रदान करने की मांग सदन के पटल पर रखी, जिसे स्वीकृत कर लिया गया।

### राज्य जनजातीय आयोग का गठन का मामला उठा

विधायक राजेश कच्छप ने राज्य में राज्य जनजातीय आयोग का गठन किये जाने संबंधी मामला उठाया। इस पर मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि अगले तीन माह के भीतर इसकी प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी। विधानसभा के अगले सत्र से पूर्व यह आयोग अस्तित्व में होगा।

### धान खरीद के समय 10 प्रतिशत की कटौती का मामला उठा

वहीं विधायक हेमलाल मुर्मू ने राज्य के किसानों से धान खरीद के समय 10 प्रतिशत की कटौती किये जाने का मामला उठाया। इस पर खाद्य आपूर्ति मंत्री इरफान अंसारी ने केंद्र सरकार के निर्धारित प्रावधानों का हवाला देते बताया कि धान की नमी, गुणवत्ता के आधार पर धान की खरीद होती है।

## ब्राउन शुगर कारोबार में शामिल झारखंड पुलिस का जवान सहित तीन गिरफ्तार

**रांची।** ब्राउन शुगर कारोबार में शामिल झारखंड पुलिस का जवान सहित तीन व्यक्ति गिरफ्तार किए गए हैं। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए जैप का सिपाही रमीज रजा के अलावा राजा साहा और सुजीत कुमार को गिरफ्तार किया है। इनके पास पुलिस ने 11.27 ग्राम ब्राउन शुगर, 1.98 लाख रुपया समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि गोंदा थाना क्षेत्र के धावननगर से गांधीनगर की तरफ आने वाले रोड से स्कूटी पर सवार लोगों के नशीला पदार्थ के कारोबार और लाने की सूचना प्राप्त हुई थी। इसके बाद चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान धावननगर से गांधीनगर की तरफ से आते एक स्कूटी को रोका गया। स्कूटी पर सवार दोनों युवक ने अपना नाम रमीज रजा और राजा साहा बताया। उसके कहा कि विधिवत तलाशी लेने पर दोनों के पास ब्राउन शुगर बरामद हुआ। राजा साह के जरिये ब्राउन शुगर ओमनगर, धावननगर के सुजीत कुमार के पास से लाने की बात बताने पर सुजीत कुमार के घर पर भी छापेमारी और तलाशी की गयी। तलाशी की कार्रवाई पर सुजीत कुमार के पास से ब्राउन शुगर और 1.98 लाख रुपया मिला। इसे ब्राउन शुगर के कारोबार से उगाही करने को लेकर रुपये जब्त किए गए।



## झारखंड में बाबूलाल मरांडी बने नेता प्रतिपक्ष

### भाजपा विधायक दल की बैठक में हुआ चयन

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चुना गया है। गुरुवार को भाजपा विधायक दल की बैठक में यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। भाजपा विधायक दल की बैठक में केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव और ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद डॉ. के. लक्ष्मण पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में पार्टी विधायकों ने रायशुमारी के बाद बाबूलाल मरांडी को नेता प्रतिपक्ष के रूप में चुना। इस अवसर पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पार्टी नेतृत्व और विधायकों की पूर्ण सहमति से मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। मैं इसके लिए सभी का आभार व्यक्त करता हूं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा को धन्यवाद देता हूं।



## खुशखबरी! बाबा बंशीधर के नगर में रेलवे का तोहफा

# नगर ऊंटारी में होगा राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर अनुमंडल वासियों के लिए बहुत बड़ी खुशखबरी है। रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का अब नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन पर स्टॉपेज होगा। सांसद विष्णु दयाल राम के लगातार अनुरोध पर रेल मंत्रालय ने इसकी हरी झंडी दी है। स्टॉपेज के लिए जल्द तिथि निर्धारित होने के बाद बंशीधर नगर रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम आयोजित कर रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस के विधिवत ठहराव का शुभारंभ होगा। इसकी जानकारी सांसद श्री राम ने दी है। सांसद ने स्टॉपेज मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी के प्रति अपनी ओर से एवं पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि पब्लिक डिमांड के मद्देनजर सांसद श्री राम के लगातार प्रयासों के फलस्वरूप रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12453/12454 का श्री बंशीधर नगर (नगर उंटारी) रेलवे स्टेशन पर स्टॉपेज का मार्ग प्रशस्त हुआ है। राजधानी एक्सप्रेस के स्टॉपेज को लेकर लोकसभा में शून्य काल एवं नियम 377 के तहत सवाल, रेल मंत्री, रेलवे बोर्ड के चेयरमैन रेलवे हाजीपुर जोन के जीएम एवं धनबाद रेल मंडल के डीआरएम से पत्राचार तथा व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर इसके लिए निरंतर प्रयासरत रहे। इस ट्रेन के श्री बंशीधर नगर स्टेशन पर ठहराव होने से यात्रियों के आवागमन में सहूलियत होगी। यात्रियों के आवागमन में समय के साथ साथ पैसे की भी बचत होगी।






## जुबली पहाड़ी में लगी भीषण आग

**गिरिडीह।** सीसीएल बनियाडीह स्थित कोलियरी के जुबली पहाड़ी में गुरुवार को भीषण आग लग गई। गुरुवार की दोपहर लगी आग धीरे-धीरे पहाड़ी के कई हिस्सों में फैल गई। आग की लपटे पहाड़ी के ऊपर स्थित मैगजीन हाउस तक पहुंचने लगी, जिसके बाद जिला प्रशासन और सीसीएल प्रबंधन सक्रिय हुआ तुरंत अग्निशमन विभाग को दलबल के साथ भेजा गया। मौके पर पहुंची दमकल की टीम आग को बुझाने में लगी। बताया गया कि जिस पहाड़ी में आग लगी है उस इलाके में वन विभाग के जरिये हजारों पौधे लगाए गए पौधे झुलस गए है। एक अनुमान के अनुसार आग लगभग दो किलोमीटर एरिया में लगी है। बताया गया कि जुबली पहाड़ी का इलाका काफी संवेदनशील है। पहाड़ के ऊपर में सीसीएल का मैगजीन हाउस है, जहां पर बारूद रखा जाता है। पहाड़ की तलहटी में सीसीएल डीएवी पब्लिक स्कूल अवस्थित है। दमकल कर्मियों ने बताया कि शरारती तत्वों की ओर से यह आग लगाई गई है जो धीरे-धीरे फैल गई। इलाका संवेदनशील है ऐसे में पूरी सावधानी से आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है और चंद घंटे में आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया जाएगा। यहां बता दें कि पिछले वर्ष भी इसी पहाड़ी में आग लग गई थी, जिसे बुझाने में प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी थी।



# छत्तरपुर अनुमंडल स्थित कैंप कार्यालय में डीसी ने सुनी लोगों की समस्याएं



**बंशीधर न्यूज**

**छतरपुर :** अनुमंडल कार्यालय में गुरुवार को कार्यालय आयोजित किया गया। इसमें जिले के डीसी शशिरंजन विभिन्न विभागों के जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ पहुंचे और छतरपुर अनुमंडल क्षेत्र के ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। इस दौरान कई मामलों का ऑनस्पोट निवारण भी किया गया। इस कैंप कार्यालय के दौरान छतरपुर, नौडीहा बाजार, हरिहरगंज एवं पिपरा प्रखंड के लिए सभी विभागों का स्टोल लगाकर आम जनता का आवेदन लिया गया। समाचार लिखे जाने तक छतरपुर प्रखंड में 26 आवेदन आये, जिसमे मईयां सम्मान योजना के खाता में सुधार एवं वृद्धापेंशन के आवेदन थे। अंचल के स्टोल पर ऑनलाइन रसीद कटवाने के कई आवेदन पहुंचे। इस कैंप कार्यालय के दौरान ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। मौके पर पलामू डीसी शशि रंजन, प्रशिक्षु आईएएस आशीष गंगवार, छतरपुर बीडीओ आशीष कुमार साहू, डीएफओ सत्यम कुमार, सीओ उपेन्द्र कुमार, अनुमंडलीय चिकित्सक प्रभारी डॉ राजेश अग्रवाल कुमार समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान डीसी श्री रंजन ने आदिम जनजाति बहुल्य गांव डंडूर गांव जाकर वहां का हाल जाना। डीसी ने आदिम जनजाति परिवारों से सीधा संवाद करते हुए उनकी समस्याएं सुनी। राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय एवं आदिम जनजाति परिवारों के लिये बने फैसलिटी भवन का निरीक्षण भी किया। इसके अलावे उन्होंने आदिम जनजाति बच्चों के बीच स्टेशनरी एवं टॉफी का वितरण किया और एक छात्रा का नामांकन कस्तुरबा गांधी आवासी विद्यालय में कराने का निर्देश दिया।

**न्यूज अपडेट्स**

## ब्लड जांच के नाम पर हजार रुपये की वसूली

**गढ़वा :** सदर अस्पताल में मरीजों से ठगी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कभी इमरजेंसी में महंगी दवाएं बेचने का मामला सामने आता है तो कभी जांच के नाम पर पैसे ऐंठे जाते हैं। ताजा मामला भवनाथपुर थाना क्षेत्र के मकरी गांव निवासी अंजनी यादव के साथ हुआ, जब उनसे ब्लड जांच के नाम पर 1000 रुपये ठग लिये गये। अंजनी यादव अपनी मां कृपा देवी का इलाज कराने सदर अस्पताल आये थे। सुबह ओपीडी में चिकित्सक ने ब्लड जांच कराने को कहा। जब वे जांच कराने पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि रिपोर्ट दो दिन बाद मिलेगी। तभी उजले रंग का एप्रन पहने एक युवक आया और बोला कि अगर जल्दी रिपोर्ट चाहिये तो बाहर से जांच करानी होगी, जिसमें 1100 रुपये लगेंगे और रिपोर्ट एक घंटे में मिल जायेगी। जल्दी रिपोर्ट पाने के लिये अंजनी यादव ने युवक को 1000 रुपये दे दिये। युवक मरीज को नर्सिंग रूम के पास ले गया, जहां बीपी चेक किया और ब्लड सैंपल लेकर चला गया। काफी देर इंतजार के बाद भी जब वह नहीं लौटा और ओपीडी का समय खत्म हो गया, तो अंजनी यादव ने उसे ढूंढने की कोशिश की, लेकिन वह कहीं नहीं मिला। ठगी का अहसास होने पर उन्होंने अस्पताल प्रशासन से शिकायत करने का फैसला किया। इस मामले पर सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने कहा कि पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराई है और इस बात की जांच की जा रही है कि आखिर कौन अस्पताल स्टॉफ बनकर इस तरह की ठगी कर रहा है।

**पलामू**

### अफीम की खेती से लेवी के लिये किया अपहरण, खुद हुये शिकार

# चार का सरेंडर, दो फरार

**मेदिनीनगर :** मनातू थाना क्षेत्र अंतर्गत राजखेता के अमवातरी जंगल में 19 फरवरी को दो ग्रामीणों का शव बरामद किया गया था। इस कांड के चार आरोपियों ने मनातू थाना में आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पण करने वाले आरोपियों में चतरा जिले के प्रतापपुर थाना अंतर्गत फलेन्दा गांव निवासी निवासी रामलाल यादव (48) पिता सुखदेव यादव विकास गंझू (28) पिता सनिचर गंझू व राजगीर गंझू (50) पिता जगदीश गंझू तथा पलामू जिले के नौडीहा बाजार थाना अंतर्गत अंता गांव निवासी विसम्बर यादव (60) पिता स्व0 मटर यादव शामिल हैं। एक मृतक की पहचान पूर्व नक्सली दिनेश यादव के रूप में हुई। लेकिन दूसरे की पहचान नहीं हो पाई। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में मनातू थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी रामलाल यादव, विकास गंझू, राजगीर गंझू, विसम्बर यादव, किशोरी सिंह उर्फ ईश्वरी सिंह व बसंत सिंह को अफीम के खेत से बिपिन यादव, दिनेश यादव एवं अन्य 4 अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा अपहरण कर बंधक बनाया गया था एवं पैसे की मांग की जा रही थी। पैसा नहीं दिये जाने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। इसी क्रम में अपहृत सभी छह लोगों ने मौका पाकर दो अपहरणकर्ता को अपनी जान बचाने के लिये मार कर घायल करने के बाद भाग गये थे। बाद में दोनों अपहरणकर्ता की मृत्यु हो गई थी। उन्होंने बताया कि अनुसंधान के क्रम में पता चला कि बिपिन यादव एवं उसके तीन अन्य साथी अपहृत सभी लोगों को जान से मारने के लिये खोज रहे है तब छह अपहृत में से चार अपनी जान बचाने के लिये थाना आये और आत्मसमर्पण करते हुये अपने जानमाल की सुरक्षा के लिये एक लिखित आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि इस कांड के दो आरोपी अभी भी फरार हैं। पुलिस इस मामले में आगे की छानबीन कर रही है।

## गांजा की तस्करी में महिला गिरफ्तार, ट्रॉली बैग से मिला 11 किलो गांजा



**रेहला :** रेहला थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर स्टेशन रोड शुक्र बाजार से 11.29 किलो गांजा के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि नशीला पदार्थ अवैध खरीद बिक्री की सूचना के बाद छापामारी टीम जैसे ही शुक्र बाजार पहुंची, हाथ में ट्रॉली बैग ली महिला पुलिस को देख भागने लगी। सब्जी मार्केट के पास उस महिला को पकड़ा गया। पूछे जाने पर उसने अपना नाम गुडी कुंवर (35) पति स्व अजय साव पता वार्ड नं0-2 रेहला कला निवासी बताया। उन्होंने बताया कि इस दौरान एनडीपीएस एक्ट के अधीन अधिनियमों का पालन करते हुये विधिवत उसके शरीर व ट्रोली बैग की तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में उसके ट्रोली बैग के अन्दर ब्राउन रंग के प्लास्टिक रैपर से लपेटा हुआ 11 पैकेट गांजा जैसा मादक पदार्थ पाया गया। उन्होंने बताया कि सारी प्रक्रिया के बाद अभियुक्त को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छापामारी टीम में एसडीपीओ आलोक कुमार टुटी, रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार, कुशेश्वर सिंह, बुधू उरांव, अमित कुमार पाण्डेय, अजय प्रजापति, वीरेन्द्र कुमार मेहता व गुलमोहन उरांव शामिल थे।

## प्रशांत किशोर के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ता ने के राजू का किया स्वागत



**बंशीधर न्यूज**

**मेदिनीनगर :** पलामू के युवा कांग्रेस नेता प्रशांत किशोर उर्फ बंकू बाबू के नेतृत्व में गुरुवार को सैकड़ों की संख्या में कार्यकताओं ने पलामू दौरे पर आये अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी के राजू और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का जोरदार स्वागत किया। मेदिनीनगर के सदर प्रखंड के दुबियाखाड़ में झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष और अन्य नेताओं ने राजा मेदिनी राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। कांग्रेस के किसी नेता का बड़ी संख्या में कार्यकताओं की उपस्थिति के साथ रोजदार का स्वागत बहुत दिन बाद देखने को मिला। पलामू परिसदन में भी बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित हुये। कांग्रेस में राधाकृष्ण किशोर की वापसी और चुनाव जीतकर प्रदेश का वित्त मंत्री बनने के बाद जिला कांग्रेस में पुनः उछाल आना शुरू हो गया है। बड़ी संख्या में पुराने कांग्रेसी संगठन में लौटे हैं। युवाओं का नेतृत्व प्रशांत किशोर ने संभालते हुये संगठन को धार देने में जुटे हैं। दुबियाखाड़ में के राजू के साथ पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी आदि का भी स्वागत किया गया। कांग्रेसी नेता दीनानाथ तिवारी, अरुण कुमार सिंह, ईश्वरी पांडेय, राजकमल तिवारी, रवींद्र सिंह, राजेंद्र पांडेय, सरताज खान, मीथलेश सिंह, गोपाल पासवान, श्रीराम मेहता, उपेंद्र सिंह, संजय सिंह, सुरेंद्र शुक्ला, अंकित शुक्ला, मोहन जायसवाल, अशोक सोनी, जैनुल सिद्दीकी, नईम अख्तर, बदरुद्दीन आदि मौके पर मौजूद थे।

## पिकअप के जोरदार धक्के से घटनास्थल पर मौत

**गढ़वा :** गढ़वा-रंका सड़क पर गुरुवार को लोटो पेट्रोल पंप के समीप एक तेज रफ्तार पिकअप की चपेट में आने से बाईक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस द्वारा शव को गढ़वा सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया। मृतक की पहचान खरौंधी थाना क्षेत्र के खरौंधी निवासी 32 वर्षीय रजनीकांत यादव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मृतक की पत्नी रंका स्वास्थ्य केंद्र में एनएम के पद पर कार्यरत हैं। प्रत्येक दिन की तरह वह उन्हें बस में बैठाने के लिये रंका मोड़ गये थे। हालांकि बस छूट जाने के कारण वह अपनी बाईक से बस का पीछा कर रहे थे। जब उन्होंने पत्नी को बस में बैठा दिया और वापस लौट रहे थे, तभी लोटो पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिकअप काफी तेज गति से आ रही थी और उसे एक नाबालिग चला रहा था। मृतक गढ़वा समाहरणालय में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे।

## बिना परिमट के यात्री बसों का धड़ल्ले से हो रहा परिचालन

**विश्रामपुर :** पलामू जिले की सड़कों पर एक दर्जन से अधिक बसों का परिचालन बिना परमिट का हो रहा है। इसके प्रति कोई भी परिवहन पदाधिकारी गंभीर नहीं है। बेखौफ छत्तीसगढ़ से आने वाली बसें प्रतिदिन गढ़वा-पड़वा मोड़ होते जपला, डालटनगंज, औरंगाबाद व पटना आदि के लिये सरपट दौड़ लगा रही हैं। इतना ही नहीं पांच बसों का परिचालन डालटनगंज से दिल्ली के लिये भी हो रहा है। सड़कों पर दौड़ रही इन बसों में किसी के पास परमिट नहीं है। सभी टूरिस्ट परमिट लेकर परिचालन कर रहे हैं। दिल्ली जाने वाली बसों में जय मां, अश्विनी, आर्यन, सिंह, मनू आदि शामिल हैं। वहीं छत्तीसगढ़ से प्रत्येक दिन आने वाली बसों में दुबे, महेंद्रा, रॉयल, सिंह, बदन, नवीन, राजहंस आदि नाम की बस शामिल है। इस नाम की एक नहीं दो-तीन गाड़ियां गढ़वा, गढ़वा रोड, बीमोड़, पड़वा मोड़, जपला, उंटारी रोड आदि जगहों से अलग-अलग चल रही है। नाम न बताते हुये एक बस कंडक्टर ने बताया कि छत्तीसगढ़ से आने वाली अधिसंख्य बसों का परमिट रामानुजगंज बॉर्डर तक के लिये है। लेकिन वहां किसी प्रकार की जांच या रोक-टोक नहीं होने के कारण बसें झारखंड में प्रवेश कर जाती है। झारखंड में देखने के लिये सभी जगह बस एजेंट को जिम्मेवारी सौंपी गई है। जो अपने स्तर से देख कर परिचालन करते रहे हैं। बताया गया कि बस औरंगाबाद तक नियमित जाती हैं। किसी भी बस का रेगुलर परमिट नहीं है। कई बसें टूरिस्ट परमिट लेकर यात्री को ढो रहे हैं। कई बार जांच आदि की जानकारी मिलने पर बसों को बॉर्डर एरिया में ही खड़ी कर दी जाती है। बताया कि अगर बसों की जांच हो तो अधिसंख्य गाड़ियां बगैर परमिट की पकड़ी जाएगी। कई गाड़ियां बनारस तक परिवहन कर रही है। लेकिन इन्हें रोकने टोकने वाला कोई नहीं। सभी जगहों पर गाड़ियों से पैसे वसूले जाते हैं। जो माह पूरा होते हीं बिचौलियों के माध्यम से उन तक पहुंचा दिये जाते हैं।

## मास्टर की जगह बैचलर लिखा मार्कशीट ऑफिशियल वेवसाईट पर किया अपलोड

**मेदिनीनगर :** नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर सत्र 2021-23 फाईनल सेमेस्टर परीक्षा के मार्कशीट में बड़ी लापरवाही सामने आयी है। एनपीयू के ऑफिसियल वेबसाईट पर आज उक्त मार्कशीट अपलोड किया गया है। जब संबंधित विद्यार्थियों ने मार्कशीट डाउनलोड किया तो पाया गया कि मास्टर ऑफ आर्ट्स की जगह बैचलर ऑफ आर्ट्स, मास्टर ऑफ साइंस की जगह, बैचलर ऑफ साइंस लिखा हुआ था। मास्टर ऑफ कॉमर्स की जगह बैचलर ऑफ कॉमर्स लिखा हुआ मार्कशीट देखकर विद्यार्थियों में हड़कंप मच गया। जिसके बाद विश्वविद्यालय ने आनन-फानन में इसको सुधार किया। बताया जाता है कि एनपीयू का परीक्षा विभाग हमेशा इस तरह की गलती करते रहता है जिसका खामियाजा विद्यार्थियों को भुगतना पड़ता है। एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ तिवारी ने एनपीयू को अपनी कार्य शैली में सुधार लाने की बात कही है। कहा है कि इस तरह की गलती से विद्यार्थियों में भ्रम की स्थिति उत्पन होती है। विश्वविद्यालय को प्रयास करना चाहिये कि ऐसी गलती की पुनरावृति दुबारा ना हो, अन्यथा इसकी लिखित शिकायत कुलपति से मिलकर की जायेगी।

### एससी, एसटी, ओबीसी व अल्पसंख्यक समुदाय के मुद्दे को कांग्रेस प्राथमिकता देगी : के राजू

# राज्यभर के कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद कर रही कांग्रेस



**बंशीधर न्यूज**

**मेदिनीनगर :** झारखंड में ग्रास रूट तक संगठन को सशक्त बनाया जायेगा। फिलहाल पूरे झारखंड में कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद किया जा रहा है। इसका सकारात्मक परिणाम भी मिल रहा है। उक्त बातें कांग्रेस के झारखंड प्रदेश प्रभारी के राजू ने कही। वे स्थानीय परिसदन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पार्टी के सांगठनिक ढांचा को मजबूत बनाने के लिये सक्रिय कार्यकताओं की राय ली जा रही है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों का उद्देश्य सिर्फ चुनाव लड़ना ही नहीं, बल्कि गुड गवर्नेंस भी उपलब्ध कराना है। राज्य सरकार सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने आदिवासियों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अनुसुचित जनजाति परामर्शदात्री परिषद का गठन होने से झारखंड के आदिवासियों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झारखंड में एससी,एसटी ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदाय के हितों की रक्षा को लेकर गंभीर है। इन समुदायों के मुद्दे को कांग्रेस प्राथमिकता देगी। संगठन में भी इन समुदायों को जगह देकर प्रोत्साहित किया जायेगा। कांग्रेस का फोकस झारखंड में गुड गवर्नेंस पर होगा और एससी, एसटी, ओबीसी व अल्पसंख्यक समुदाय को न्याय दिलाना है। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व मंत्री सुबोधकांत सहाय, केएन त्रिपाठी, बादल पत्रलेख, सतीश पॉल मुंजनी, विनय सिंहा, एम तौसीफ, जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक, जीवन प्रसाद सिंह, विजय चौबे आदि मौजूद थे।



# रमना में लाखों का आभूषण व चार लाख नगद चोरी

बंशीधर न्यूज

**रमना :** प्रखंड मुख्यालय के सब्जी बाजार के समीप न्यू सोनी ज्वैलर्स एवं बर्तन दुकान में बीती रात शटर क्षतिग्रस्त कर लाखों का आभूषण एवं चार लाख नगद राशि की चोरी कर ली गई। सूचना के बाद एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह एवं थाना प्रभारी आकाश कुमार ने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर दुकान का जायजा लिया। साथ ही घटना के संबंध में दुकानदार विकास कुमार सोनी से जानकारी ली। घटना के सुबह में एक किलोमीटर दूर रामगढ़ टोला में अरहर के खेत में चोरों द्वारा चोरी की गई आभूषण का डब्बा एवं चांदी के पायल का पैकिंग रैपर व कुछ कागजात ग्रामीणों ने देखा। जिसकी सूचना पाकर थाना प्रभारी ने फेंके गये सामग्री को जब्त किया। पीड़ित दुकानदार विकास कुमार सोनी ने बताया कि प्रतिदिन की तरह अपने दुकान बंद किया था। लेकिन सुबह अचानक मेरे दुकान का शटर क्षतिग्रस्त कर दुकान से लगभग 10 किलो चांदी के आभूषण, 190 से 200 ग्राम सोने का आभूषण तथा दुकान में रखे एक हजार रु चोरी अलमीरा एवं काउंटर तोड़कर कर ली गई। थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आते ही सभी पहलुओं पर गहनतापूर्वक जांच पड़ताल जारी है। सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है जल्द ही चोर पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

## न्यूज अपडेट्स

### बाईक सवार ने आरक्षी को मारा टक्कर, दोनों घायल

**हुसैनाबाद :** देवरी ओपी पुलिस द्वारा जपला देवरी मुख्य सड़क के सुखन बीघा मोड़ पर बाईक चेकिंग की जा रही थी। जपला की ओर से तेज गति से आ रही बाईक सवार आरक्षी मिथिलेश कुमार तिवारी ने आरक्षी को टक्कर मार दी। जिससे उसके सिर और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोट लगी व दांत भी टूट गया। घटना में देवरी गांव निवासी बाईक सवार ओमप्रकाश चौधरी भी घायल हो गया। घटना के बाद देवरी ओपी के एएसआई अखिलेश यादव और उत्तरी जिप सदस्य राजू मेहता ने तत्काल दोनों को इलाज के लिये अनुमंडल अस्पताल लाया। जहां बाईक चालक को इलाज के बाद वापस भेज दिया। आरक्षी इलाजरत है।

### चेकिंग अभियान के दौरान पकड़े गये 12 वाहन

**मेदिनीनगर :** यातायात पुलिस द्वारा सदीक चौक कोयल नदी पुल के पास चलाये गये सघन जांच अभियान में 12 दोपहिया को नियमविरुद्ध चलाते हुये पकड़ा गया है। वहीं एक ट्रक का ऑनलाईन चालान किया गया। यातायात प्रभारी समाल अहमद ने बताया कि पकड़े गये दोपहिया वाहन में कुछ चालक बगैर हेलमेट व बिना लाईसेंस के वाहन चलाते पकड़े गये हैं। जब्त सभी वाहनों को सुरक्षार्थ शहर थाना परिसर में रखा गया है और जुर्माना के लिये जिला परिवहन कार्यालय को भेजा गया है। उन्होंने बताया कि एक दोपहिया वाहन के चालक को शराब पीकर वाहन चलाने के जुर्म में 10185 रुपया का जुर्माना किया गया है।

## गढ़वा

### साईकिल वितरण के लिये शिक्षक ने की पैसे की मांग

# 200-300 रु. लेकर छात्रों को दी जा रही साइकिल

पुष्पेंद्र दूबे



**सगमा :** झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की ओर से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को नियमित पढ़ाई जारी रखने के लिये साईकिल वितरण योजना चलाई जा रही है। छात्र छात्राओं को साईकिल मिलने से स्कूलों में उपस्थिति भी बढ़ रही है। किंतु साईकिल वितरण में भी अवैध वसूली की जा रही है। यह वसूली कोई और नहीं स्कूल के शिक्षक ही कर रहे हैं। इसका खुलासा तब हुआ जब सगमा प्रखंड कार्यालय से गुरुवार के दिन दुसैया उत्क्रमित मध्य विद्यालय के विद्यार्थी प्रखंड कार्यालय से साईकिल लेकर घर की ओर लौट रहे थे। उसी समय सगमा ब्लॉक मोड़ के समीप साईकिल लेकर आ रहे छात्रों की मुलाकात मीडिया कर्मियों से हुई। मीडिया कर्मियों ने पूछा कि आप लोग किस विद्यालय में पढ़ते हैं इस पर छात्रों ने कहा कि हम सभी उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुसैया के वर्ग आठ में पढ़ते हैं। मीडिया कर्मियों ने सवाल किया कि साईकिल लेने के लिये पैसा भी देना पड़ता है क्या। तब इस पर छात्रा अनिता कुमारी, गुलाम सर्वर, हजरत अंसारी, धर्मजीत कुमार तथा जहरूदीन खातून ने बताया कि हां देना पड़ता है। मीडिया कर्मी ने फिर से सवाल किया किनको देना पड़ता, तो सभी ने एक स्वर में बोला कि हेड गुरुजी पंकज कुमार राय को 200 से 300 रुपये दिये हैं। तब जाकर हम लोगों को साईकिल मिला है। यह घटना तो उदाहरण के लिये है इसी तरह प्रखंड के सभी विद्यालय में साईकिल के बदले पैसा वसूली का खेल चल रहा है। मीडिया कर्मियों ने दूरभाष के माध्यम से बीईओ प्रतिभा कुमारी से पूछा तो उन्होंने कहा कि साईकिल सरकार के द्वारा मुफ्त दी जाती है। इसमें किसी प्रकार का पैसा वसूल करना कानून के विपरीत है। इसकी सूचना अभी मिला है इसे जांच की जायेगी और सच्चाई मिलने पर दोषी पाये गये शिक्षकों पर कार्रवाई कर दंडित किया जायेगा। भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव ने कहा कि झारखंड में हर स्तर पर घूसखोरी का खेल चल रहा है। अब विद्या के मंदिर कहे जाने वाले विद्यालय भी अछूता नहीं रह गया। पैसा वसूलने वाले शिक्षकों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई किया जाना चाहिये। इस संबंध में गढ़वा डीएसई कैसर रजा ने कहा कि अभी जानकारी नहीं मिला है। जानकारी होते ही मामले की जांच की जायेगी और उन पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## कैलान जंगल से हो रही पेड़ों की कटाई, 18 बोटा लकड़ियां जब्त

बंशीधर न्यूज



**भवनाथपुर :** प्रखंड अंतर्गत कैलान पंचायत के सुरक्षित वन क्षेत्र के जंगलों में पेड़ों की कटाई इनदिनों जोरों पर है। संबंधी खबर अखबार में प्रकाशित होने के बाद रेंजर प्रमोद कुमार के निर्देश पर गुरुवार को वन विभाग की टीम ने कैलान के नावानगर टेड़की महुआ के पास से पेड़ के 18 बोटा लकड़ी जब्त कर वन कार्यालय लाया। रेंजर प्रमोद कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर वन विभाग द्वारा कैलान के जंगलों में छापामारी कर माफियाओं द्वारा काटे गये पेड़ो के 18 बोटा को जब्त किया है। साथ ही पेड़ काटने वालों पर कार्रवाई के लिये उन्हें चिन्हित किया जा रहा है। जानते चले कि कैलान के सुरक्षित जंगलों से इन दिनों लकड़ी माफियाओं द्वारा बड़े पैमाने पर बड़े बड़े पेड़ो को काटते हुये आरा मशीन से लकड़ी का बोटा बनाकर बेचने का कार्य किया जाता रहा है। इसी दौरान कैलान दक्षिणी नावानगर टेड़की महुआं के पास 18 बोटा रखा हुआ था। इसकी खबर अखबारों में प्रकाशित होने के बाद वन विभाग ने कैलान पहुंचकर हुये उक्त लकड़ी के बोटा को जब्त कर इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई में जुट गई है। छापामारी टीम में वनरक्षी अनूप सिंह, कुंदन कुमार, विकास कुमार व अनिल कुमार गिरी आदि शामिल थे।

## गोविंद उवि में जैक सदस्य ने किया परीक्षा का निरीक्षण



**गढ़वा :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल के सदस्य डॉ प्रसाद पासवान ने शहर के गोविन्द प्लस टू उच्च विद्यालय गढ़वा में हो रहे वार्षिक माध्यमिक, इंटरमीडिएट परीक्षा का निरीक्षण किया। डॉ प्रसाद ने द्वितीय पाली में हो रहे हिंदी और अंग्रेजी विषय के परीक्षा के निरीक्षण में शांतिपूर्ण तरीके से संचालित होते पाया। मौके पर डॉ प्रसाद ने कहा कि परीक्षा कदाचार मुक्त संपन्न हो रही है। इस केंद्र पर कुल 480 परीक्षार्थी थे जिसमें 479 परीक्षार्थी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि सभी परीक्षा कक्ष में कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न हो रही थी। मौके पर दंडाधिकारी ओम कृष्णम, महिला पर्यवेक्षिका अमृता पाठक, उप केंद्राधीक्षक ध्रुव कुमार झा, मनोज कुमार मौर्य, अभिषेक रंजन, रमा शंकर देव, प्रणव, जितेंद्र कुमार, राजेश कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## भालू ने किया हमला, घायल



**भवनाथपुर :** केतार थाना क्षेत्र अंतर्गत छाताकुंड के जोगियाबीर निवासी नारायण गुप्ता पिता स्व रामदेव साह भालू के हमले से गंभीर रूप से घायल हो गया। वह गुरुवार सुबह शौच के लिये पास के ही बघमनवा जंगल में गया हुआ था। परिजनों ने उसे इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से गंभीर स्थिति देखते हुये उसे गढ़वा रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही रेंजर प्रमोद कुमार की सूचना पर वनरक्षी निशांत कुमार पप्पू अस्पताल पहुंचकर घायल से घटना की जानकारी लेते हुये वन विभाग से पीड़ित को मुआवजा दिलाने की बात कही। जानकारी के अनुसार नारायण सुबह अपने दो अन्य दोस्तों के साथ शौच के लिये गांव के पास के ही बघमनवा जंगल की ओर गया था। जहां अचानक उस पर भालू ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। किसी तरह वह भागकर जान बचाया और इसकी सूचना ग्रामीणों को दी। मौके पर पहुंचे ग्रामीण अशोक गुप्ता और जूगेश्वर राम ने भी उक्त जंगली जानवर को देखा। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे जंगल में बिना किसी आवश्यक कारण के न जाएं।

### झामुमो के केन्द्रीय समिति सदस्य ताहीर अंसारी ने कहा

# रमजान के महीने में रोजा रखने का विशेष महत्व

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** पवित्र माह -ए- रमजान का महीना इस्लाम धर्म में सबसे पवित्र एवं रमजान अल्लाह ताला का महीना है। उक्त बातें झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य ताहीर अंसारी ने कही। उन्होंने कहा कि रमजान के पूरे 30 दिन यानी ईद का चांद निकलने तक मुसलमानों को रोजा रखना होता है, रोजा सभी मुसलमान महिलाएं, पुरुष एवं नौजवान पर वाजिब है सिर्फ बच्चों एवं बीमार को छोड़कर। उन्होंने कहा कि रोजा का मतलब सिर्फ भूखे रहना ही नहीं बल्कि भूख प्यास के साथ पूरे जिस्म का भी रोजा रखना है, मतलब की हर बुराई एवं गुनाह से दूर रहकर रखा गया रोजा अल्लाह कबूल करता है। रमजान के महीने में रोजा रखने का विशेष महत्व है इस दौरान इबादत के साथ-साथ पांचों वक्त की नमाज और तरावीह की नमाज का भी विशेष स्थान है। रमजान का यह पवित्र महीना रोजे के माध्यम से आत्मसंयम, इबादत और जरूरतमंदों की सहायता करने का एक अद्भुत अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि मुसलमानों पर रोजा इसलिये फर्ज है ताकि इस खास बरकत वाले रूहानी महीने में उनसे कोई गुनाह ना हो पाये यह खुदाई असर का नतीजा है। रमजान लगभग हर इस्लामी नजरियों से खुद को बदलता है और हर तरह से अल्लाह की रहमत पाने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि खुद को खुदा की राह में समर्पित कर देने का प्रतीक पाक महीना माह -ए- रमजान ना सिर्फ रहमतों और बरकतों का महीना है बल्कि समूची मानव जाति को प्रेम भाईचारे और इंसानियत का भी संदेश देता है।

# बीईईओ ने बाईक से 104 विद्यालयों में पहुंचाये 800 बोरी नोटबुक

### एसीबी से हो जांच : डा मेहता

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** पलामू जिला में एक आश्चर्यजनक मामला प्रकाश में आया है। मनातू, तरहसी, पांकी व नीलाम्बर-पीताम्बरपुर के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी (बीईईओ) परमेश्वर साव ने एक बाईक से 800 बोरी नोटबुक आठ दिनों में 104 विद्यालयों में पहुंचवाया है। साथ ही इसके भाड़े के रूप में उन्होंने 52 हजार रुपये का भुगतान भी किया है। इस मामले को पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने आज शून्यकाल में विधानसभा में उठाया। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि तरहसी प्रखंड संसाधन में प्राप्त नोटबुक को 104 विद्यालयों में पहुंचाने के लिये बीईईओ ने बाईक (जेएच 03 पी 9829) का उपयोग किया है और आठ दिनों में इन विद्यालयों तक नोटबुक पहुंचाने के एवज में 52 हजार रुपए का भुगतान भी किया है। उन्होंने उक्त बाईक से 104 विद्यालयों में लगभग 800 बोरी नोटबुक पहुंचाने को असंभव बताते हुये इस मामले की एसीबी से जांच कराने की मांग की है।




## 'आरसी 16' में जान्हवी कपूर का फर्स्ट लुक जारी

साउथ सुपरस्टार राम चरण पिछली बार फिल्म 'गेम चेंजर' में नजर आए थे। हालांकि, उनके प्रदर्शन को सराहा गया, लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं दिखा पाई। यह फिल्म अब अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है। आने वाले समय में राम चरण कई बड़ी फिल्मों में नजर आने वाले हैं, जिनमें से एक है 'आरसी16'। इस फिल्म में उनकी जोड़ीदार जाह्नवी कपूर होंगी। अब आखिरकार मेकर्स ने 'आरसी16' से जाह्नवी कपूर का फर्स्ट लुक जारी कर दिया है, जिसे देखकर फैंस बेहद उत्साहित हैं। जाह्नवी कपूर 6 मार्च को अपना 28वां जन्मदिन मना रही हैं। इस खास मौके पर 'आरसी16' की टीम ने फैंस को एक खास तोहफा दिया है। मेकर्स ने एक फोटो शेयर की जिसमे जाह्नवी अपने हाथों में एक भेड़ का बच्चा पकड़े नजर आ रही हैं। यह तस्वीर फिल्म के सेट से ली गई है और उनके किरदार की झलक देती है। फिल्म एक स्पोर्ट्स ड्रामा होगी, जिसे बुची बाबू सना डायरेक्ट कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जाह्नवी फिल्म में उत्तराखंड के एक गांव की लड़की की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म में राम चरण और जाह्नवी कपूर के बीच रोमांस भी देखने को मिलेगा, जो इस कहानी को और दिलचस्प बनाएगा। फिल्म के निर्देशक बुची बाबू सना ने जाह्नवी को बधाई देते हुए लिखा, आपको जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं, जाह्नवी कपूर! आपके साथ काम करके बहुत अच्छा लगा और मैं आपके शानदार किरदार को स्क्रीन पर देखने के लिए बेहद उत्साहित हूं।

## अभिषेक की फिल्म 'बी हैप्पी' का पहला गाना 'सुल्ताना' रिलीज




अभिषेक बच्चन काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'बी हैप्पी' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में अभिषेक बच्चन के साथ बाल कलाकार इनायत वर्मा नजर आएंगी। अब फिल्म का पहला गाना 'सुल्ताना' रिलीज हो गया है, जिसमें नोरा फतेही अपने जबरदस्त डांस मूव्स से दर्शकों का दिल जीत रही हैं। इस गाने को सुनिधि चौहान और मीका सिंह ने अपनी आवाज दी है, जो इसे और भी धमाकेदार बना रहा है। 'बी हैप्पी' एक डांस ड्रामा फिल्म है, जिसमें अभिषेक बच्चन का किरदार शिव रस्तोगी के नाम से जाना जाएगा। इस फिल्म में वह एक ऐसे पिता की भूमिका निभा रहे हैं, जो अपनी बेटी की ख्वाहिशों को पूरा करने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। अभिषेक फिल्म में एक सिंगल फादर के रूप में नजर आएंगे, जो अपनी बेटी की परवरिश करता है। वहीं, इनायत वर्मा उनकी प्यारी और चुलबुली बेटी धरा के किरदार में दिखेंगी। यह कहानी बाप-बेटी की खूबसूरत बॉन्डिंग को दर्शाती है, जहां दोनों जिंदगी की चुनौतियों का सामना करते हुए अपनी दुनिया को खुशहाल बनाने की कोशिश करते हैं। यही फिल्म की कहानी का सबसे बड़ा आकर्षण है। रेमो डिसूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी फिल्म 'बी हैप्पी' को लिजेल डिसूजा ने प्रोड्यूस किया है, जबकि रेमो डिसूजा ने इसका निर्देशन किया है। फिल्म में अभिषेक बच्चन, नोरा फतेही, नासर और इनायत वर्मा अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे और जॉनी लीवर और हरलीन सेठी सपोर्टिंग रोल में दिखेंगे। फिल्म 'बी हैप्पी' का प्रीमियर 14 मार्च से अमेजन प्राइम वीडियो पर होने जा रहा है।

## गंगा में बढ़ गयी डॉल्फिन की आबादी, उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक पाई गई 2397 डॉल्फिन



# कृषि विभाग के 24.21 अरब का बजट विधानसभा से पारित

रांची। बजट सत्र के दौरान गुरुवार को भोजनवकाश के बाद कृषि और पशुपालन विभाग का 24 अरब 21 करोड़ आठ लाख और 16 हजार रुपए का बजट ध्वनिमत से पारित हो गया। इस दौरान विपक्ष अनुपस्थित रहा। विपक्ष पहली पाली में सदन में वॉक आउट किया था। वहीं कृषि विभाग के बजट पर हुए वाद-विवाद पर सरकार की ओर से जवाब देते हुए कृषि मंत्री शिल्पी ने कहा कि यह चिंता का विषय है कृषि जैसे महत्व पूर्ण विभाग पर चर्चा हो रही है और विपक्ष अपनी अंतर्कलह के कारण सदन में मौजूद नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार आलोचना सुनना चाहती है। मंत्री ने कहा कि सरकार ने हाल के दिनों में कृषि के क्षेत्र में सुधार के प्रयास किए हैं, लेकिन अभी लक्ष्य काफी दूर है। उन्होंने कहा कि झारखंड की भौगोलिक स्थिति के चलते यहां के किसान विपरीत परिस्थितियों में भी जीडीपी में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार हर जिले में 5000 एमटी क्षमता के कोल्ड स्टोरेज का निर्माण कर रही है, लेकिन हमारा प्रयास है कि किसानों की खेतों के नजदीक छोटे-छोटे कोल्ड स्टोरेज का निर्माण करें। ताकि किसानों को अपने उत्पादों को दूर ले



जाकर नहीं रखना पड़े। इससे किसानों पर आर्थिक बोझ कम पड़ेगा और उन्हें खेतों से दूर के कोल्ड स्टोरेज में अपने उत्पादों को नहीं ले जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि राज्य के किसानों के समक्ष चार प्रमुख समस्याएं हैं, जिसमें बीज, सिंचाई की सुविधा, लोन और उत्पादों को रखने के लिए स्टोरज शामिल है। कृषि मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य के पांच लाख किसानों में एक लाख क्विंटल से अधिक बीज बांटा जो पूर्व के 14 प्रतिशत के मुकाबले 36 प्रतिशत है।

### बरसाती नदियों का पानी खेतों में पहुंचाएंगे

कृषि मंत्री ने कहा ने कहा कि बरसाती नदियों का पानी सीधे खेतों में पहुंचाने के लिए बिरसा पक्का चेक डैम योजना की शुरूआत की गई है। उन्होंने बताया कि सरकार ऐसे किसानों की भी कर्ज माफी करेगी जिनका खाता एनपीए की सूची में है। मौजूदा समय में ऐसे किसानों का कर्ज माफ हुआ है जिन्होंने पूर्व के कर्ज को लौटा दिया है। मंत्री ने बताया कि सरकार केसीसी के किसानों के हिस्से का दो प्रतिशत हिस्सा भी खुद चुकाएगी।

### 100 बिरसा कृषि पाठशाला के जरिए किसान होंगे ट्रेंड

मंत्री ने कहा कि राज्य में सरकार 100 बिरसा कृषि पाठशाला खोलेगी। इससे किसान कृषि से जुड़ी जानकारियों को सीख सकेंगे। उन्होंने बताया कि फिलहाल 50 पाठशालाओं में किसानों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि जहां एनपीके को खेतों में 3:2:1 के अनुपात में इस्तेमाल करना चाहिए। ताजुब है कि यहां के किसान प्रशिक्षण के अभाव में खेतों में इसे 27:17:1 के अनुपात में खेतों में डाल रहे हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य में मत्स्य में 10 प्रतिशत और पशुपालन के क्षेत्र में चार प्रतिशत औसत वृद्धि हासिल किया है। उन्होंने बताया कि हम मत्स्य के क्षेत्र में बंद पड़े खदानों का उपयोग मछली पालन के लिए कर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। वहीं मंत्री ने बताया कि सरकार ने राज्य के पशुपालन योजना का लाभ 40 पशुपालकों को दिया है।

## ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में व्याख्यान देंगी ममता बनर्जी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी



इस महीने के अंत में लंदन की महत्वपूर्ण यात्रा पर जा रही हैं, जहां वह ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में व्याख्यान देंगी और निवेशकों के साथ बैठक कर बंगाल में निवेश को आकर्षित करने का प्रयास करेंगी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, ममता बनर्जी 21 मार्च को लंदन के लिए रवाना होंगी, जबकि उनका व्याख्यान 27 मार्च को ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में निर्धारित है। उन्हें यह निमंत्रण नवंबर 2023 में बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट के दौरान ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रो-वाइस चांसलर जोनाथन मिची द्वारा दिया गया था। इस यात्रा के दौरान 25 मार्च को ममता बनर्जी प्रमुख उद्योगपतियों से मुलाकात करेंगी। इस बैठक का उद्देश्य पश्चिम बंगाल में औद्योगिक निवेश को आकर्षित करना है। यह नवंबर 2017 के बाद ममता बनर्जी का दूसरा आधिकारिक ब्रिटेन दौरा होगा। पिछली बार उन्होंने एडिनबर्ग में एक बिजनेस समिट में हिस्सा लिया था, जिसे स्कॉटिश डेवलपमेंट इंटरनेशनल, एशिया स्कॉटलैंड इंस्टीट्यूट और एडिनबर्ग चैंबर ऑफ कॉमर्स के सहयोग से आयोजित किया गया था। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में वैश्विक निवेश लाने के लिए अंतरराष्ट्रीय दौरों पर लगातार ध्यान देती रही हैं।

Hit लिस्ट

## एक पहिए के बगैर विमान की काठमांडू में लैंडिंग, सभी यात्री सुरक्षित

काठमांडू। नेपाल के हवाई क्षेत्र में एक विमान बिना एक पहिए के जनकपुर से काठमांडू में लैंड किया और पायलट



को इस बात का पता भी नहीं चला। हालांकि विमान सुरक्षित लैंड हुआ और सभी यात्री सुरक्षित हैं। जनकपुर से काठमांडू के लिए आए बुद्ध एयर के विमान के एक पहिया के बगैर लैंडिंग कराने के कारण नेपाल की हवाई सुरक्षा पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। गुरुवार शाम बुद्ध एयर का विमान संख्या च4 508 जनकपुर से शाम 16:39 बजे रवाना हुआ और 17:05 बजे काठमांडू में लैंड हुआ। इस दौरान विमान का एक पहिया नहीं दिखा। इस बात का पता पायलट को तब हुआ जब अगले गंतव्य के लिए उड़ान भरने से पहले विमान की जांच की जा रही थी।

## आज से हवाओं की रफ्तार होगी कम

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में गुरुवार की शुरुआत तेज सतही हवा के साथ हुई। इस दौरान उत्तर-पश्चिमी हवा की रफ्तार 20-24 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई लेकिन पूर्वाह्न साढ़े ग्यारह बजे के बाद हवा की रफ्तार कम हो गई और खिली धूप ने हल्की गर्मी का अहसास कराया। हवा की रफ्तार कम होकर 8-10 किलोमीटर दर्ज हुई जबकि शाम साढ़े 5 बजे के बाद हवा की रफ्तार और भी कम होकर 4-6 किलोमीटर प्रतिघंटा रह गई। हालांकि, आज का न्यूनतम तापमान 12.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.2 डिग्री सेल्सियस कम था जबकि अधिकतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने गुरुवार को बिहार के सुपौल जिले के वीरपुर में सरस्वती विद्या मंदिर के नवनिर्मित भवन का किया लोकार्पण

# हमें लोक कल्याण की भावना को लेकर कार्य करना चाहिए : मोहन भागवत

पटना/सुपौल। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने गुरुवार को बिहार के सुपौल जिले के वीरपुर में सरस्वती विद्या मंदिर के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमें लोक कल्याण की भावना को लेकर कार्य करना चाहिए। कार्य की सफलता के लिए पुरुषार्थ करना होगा। डॉ. भागवत ने कहा कि किसी भी कार्य की सफलता के लिए विविध प्रयास करने पड़ते हैं। भाग्य को अनुकूल बनाने के लिए हमें योग्य कर्ता बनाना होगा। विद्या भारती समाज की सहायता से देशभर में 21 हजार विद्यालय संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि मैं



सबका पेट भर सकूं इस भावना से विद्या भारती के विद्यालयों में छात्र तैयार किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश में शिक्षा को पैसे से गिनने की परंपरा नहीं है। मनुष्य सृष्टि का सबसे बुद्धिमान प्राणी है इसलिए, शिक्षा पाने का अधिकार सबको है। शिक्षा मनुष्य को मनुष्य बनाता है। मनुष्य ने काफी प्रगति कर लिया है, मनुष्य सुखी रहे पर्यावरण की हानि ना हो ऐसा कार्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें ऐसी खेती की आवश्यकता है जिससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनी रहे। इस अवसर पर संघ उत्तर पूर्व क्षेत्र के क्षेत्र कार्यवाह डॉ. मोहन सिंह, लोकशिक्षा समिति बिहार के प्रदेश मंत्री डॉ सुबोध कुमार, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव डॉ. ललन प्रसाद सिंह, भारती उत्तर पूर्व क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्यालीराम, संघ के क्षेत्र प्रचारक रामनवमी जी क्षेत्र सह कार्यवाह दिनेश प्रसाद, क्षेत्र शारीरिक शिक्षण प्रमुख मनोज कुमार, उत्तर बिहार के प्रांत प्रचारक रवि शंकर, प्रांत कार्यवाह अभय गर्ग समेत कई प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)